# 2 राजस्थान का भौगोलिक विभाजन

1. राजस्थान का मरूस्थलीय क्षेत्र प्राक् ऐतिहासिक काल के किस भाग का अवशेष है ?
(1) गौडवाना लैण्ड (2) टेथिस सागर
(3) अंगारा लैण्ड (4) न्यू फाउण्डलैंड (2)

2. पश्चिमी मरूस्थलीय प्रदेश में राजस्थान की कितनी प्रतिशत जनसंख्या पायी जाती है?
(1) 61.11% (2) 39% (3) 40% (4) 58% (3)

3. राष्ट्रीय कृषि आयोग ने राजस्थान के कितने जिलों को मरूस्थलीय माना है ?
(1) 12 (2) 13 (3) 17 (4) 22 (1)

**व्याख्या–** राजस्थान के पश्चिमी भाग के 12 जिले मरूस्थलीय माने जाते हैं, जो इस प्रकार हैं– जैसलमेर, बाड़मेर, जालौर, पाली, नागौर, जोधपुर, बीकानेर, गंगानगर, हनुमानगढ़, चुरू, सीकर, झुंझुनूं।

4. राजस्थान के रेतीले शुष्क व अर्द्धशुष्क प्रदेश को विभाजित करने वाली वर्षा रेखा कौनसी है ?
(1) 25 सेमी (2) 50 सेमी (3) 75 सेमी (4) 10 सेमी (1)

5. राजस्थान का क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा भौतिक भाग है?
(1) पश्चिमी मरूस्थलीय प्रदेश (2) अरावली पर्वतीय प्रदेश
(3) पूर्वी मैदानी प्रदेश (4) दक्षिणी पूर्वी पठारी प्रदेश (4)

6. राजस्थान के किस जिले में सभी प्रकार के बालूका स्तूप पाये जाते हैं?
(1) चुरू (2) जैसलमेर
(3) जोधपुर (4) बीकानेर (3)

7. बालूका स्तूपों को जैसलमेर में स्थानीय भाषा में क्या कहा जाता है?
(1) खू (2) खड़ीन
(3) प्लाया (4) धरियन (4)

8. पश्चिमी मरूस्थलीय प्रदेश की मिट्टी है ?
(1) जलोढ़ मिट्टी (2) रेतीली बलुई मिट्टी
(3) भूरी–लाल मिट्टी (4) लाल लोमी मिट्टी (2)

9. राजस्थान के किस जिले में कुबड़पट्टी फैली हुई है?
(1) बाड़मेर (2) जालौर
(3) नागौर (4) अजमेर (3)

**व्याख्या–** नागौर के जायल से अजमेर के पुष्कर तक के क्षेत्र का भूमिगत जल फ्लोराईड युक्त है। फ्लोराईड युक्त जल के लगातार सेवन से 'फ्लोरोसिस' नामक रोग हो जाता है, जिससे हड्डियाँ टेडी हो जाती हैं, कमर झुक जाती है। इसलिए इस क्षेत्र को 'कुबड़पट्टी' कहा जाता है। प्रश्न के विकल्प में एक ही जिला होने पर नागौर करना है, दो–दो जिलों का विकल्प होने पर नागौर व अजमेर सही होगा।

10. शेखावाटी क्षेत्र में पशु चारागाह के मैदानों को कहते हैं ?
(1) जोहड (2) बांगर
(3) बीहड़ (4) बीड़ (4)

11. पवनों की दिशा के समकोण पर बनने वाले बालूका स्तूप हैं?
(1) अनुदैर्ध्य (2) अनुप्रस्थ (3) बरखान (4) नेबखा (2)

12. राजस्थान में सर्वाधिक रन किस जिले में पाये जाते है ?
(1) गंगानगर (2) जैसलमेर
(3) बाड़मेर (4) बीकानेर (2)

13. पूर्णत: रेतीला मरूस्थल क्या कहलाता है ?
(1) रैग (2) हम्मादा
(3) इर्ग (4) उपर्युक्त सभी (3)

14. लाठी सीरीज किस जिले में है ?
(1) गंगानगर (2) जैसलमेर
(3) बाड़मेर (4) बीकानेर (2)

**व्याख्या–** जैसलमेर जिले में पोकरण से मोहनगढ़ तक भारत–पाक सीमा के सहारे 80 किमी. लम्बाई में पृथ्वी के अन्दर बहती मीठे पानी की जलधारा है, जिसे 'भुगर्भिक जलपट्टी/लाठी सीरीज' कहा जाता है।

15. छप्पन की पहाड़ियाँ किस जिले में हैं ?
(1) बाड़मेर (2) जालौर
(3) जोधपुर (4) जैसलमेर (1)

**व्याख्या–** बाड़मेर में सिवाणा से मोकलसर तक लगभग 11 किमी लम्बाई में गोलाकार पहाड़ियाँ 'छप्पन की पहाड़ियाँ' कहलाती हैं। माना जाता है कि यहाँ 56 छोटी बड़ी चोटियाँ होने के कारण इन्हें छप्पन की पहाड़ियाँ कहा जाता है।

16. राजस्थान के किस क्षेत्र में बालूका स्तूप मूक्त क्षेत्र पाया जाता है ?
(1) ओसियां, मंडोर, मथानियां (2) फलौदी, पोकरण, बालोतरा
(3) सीकर, चुरू, झुंझूनू (4) सिवाना, आहोर, जालौर (2)

17. राजस्थान में सर्वाधिक गतिशील अर्द्धचन्द्राकार बालूका स्तूप क्या कहलाते हैं?
(1) नेबखा (2) पैराबोलिक (3) बरखान (4) तारा (3)

18. मरूस्थलीय प्रदेश का उत्तर पूर्वी ऊँचा भाग कहलाता है ?
(1) मगरा (2) थली
(3) तली (4) लघु मरूस्थल (2)

19. राजस्थान में मगरा क्षेत्र विकास कार्यक्रम कब प्रारम्भ किया गया –
(1) 2010–11 (2) 2005–06
(3) 2008–09 (4) 2002–03 (2)

**व्याख्या–** राजस्थान के दक्षिणी मध्य भाग के 5 जिलों (अजमेर, भीलवाड़ा, पाली, राजसमंद व चित्तौड़गढ़) के 16 विकास खण्डों में यह कार्यक्रम संचालित है।

20. डूँगरपुर व बाँसवाड़ा के मध्य का पहाड़ी भाग कहलाता है–
(1) मेवल (2) भोमट
(3) गिरवा (4) मगरा (1)

21. उदयपुर का उत्तर पश्चिमी पर्वतीय प्रदेश कहलाता है–
(1) भोमट (2) पिण्डमाट का मैदान
(3) मगरा (4) मेरवाड़ा पहाड़ियाँ (3)

22. नागौर की मकराना श्रेणी किसके लिए जानी जाती है ?
(1) जिप्सम के लिए (2) संगमरमर के लिए
(3) फ्लोराईड युक्त जल (4) ग्रेनाईट के लिए (2)

23. किस नदी का प्रवाह क्षेत्र गौडवाड़ प्रदेश कहलाता है ?
(1) घग्घर (2) कांतली
(3) लूनी (4) चम्बल (3)

व्याख्या– गौडवाड़ प्रदेश– लूनी नदी व उसकी सहायक नदियों द्वारा निर्मित मैदान है। लूनी नदी का सम्पूर्ण अपवाह तंत्र यहाँ एक जलोढ़ मैदान का निर्माण करता है, जिसे 'लूनी बेसिन' या 'लूनी जवाई बेसिन' कहा जाता है।

24. खड़ीन सिंचाई सर्वाधिक कहाँ होती है?
(1) जैसलमेर (2) श्रीगंगानगर
(3) उदयपुर (4) जोधपुर (1)

25. रेतीला शुष्क क्षेत्र तथा राजस्थान बांगर किस भौतिक विभाग के उपविभाग है?
(1) पश्चिमी मरूस्थली प्रदेश (2) शेखावाटी प्रदेश
(3) पूर्वी मैदान (4) गौड़वाड़ प्रदेश (1)

व्याख्या– राजस्थान में पश्चिमी मरूस्थलीय प्रदेश को मुख्यत: 2 भागों में बांटा जाता है।
1- शुष्क मरूस्थलीय प्रदेश (Sandy Arid Plain)
2. अर्द्धशुष्क मरूस्थलीय प्रदेश (Semi Arid Transitional Plain)
अर्द्धशुष्क मरूस्थलीय प्रदेश को राजस्थान बांगर भी कहा जाता है।

26. निम्न में से असंगत छांटिये –
(1) पथरीला मरूस्थल– हम्मादा (2) मिश्रित मरूस्थल– रैग
(3) रेतीला मरूस्थल– इर्ग (4) सभी सही है। (4)

27. 'रेगिस्तान का मार्च' (March of Desert) से क्या तात्पर्य है?
(1) फाल्गुन का महीना (2) रेगिस्तान को हरा–भरा बनाना
(3) रेगिस्तान का आगे बढ़ना (4) रेगिस्तान में जल खोजना (3)

28. पवनों की दिशा में समानान्तर बनने वाले स्तूप को क्या कहते हैं?
(1) अनुप्रस्थ (2) इर्ग
(3) सर्ग (4) अनुदैर्ध्य (4)

29. राजस्थान में छोटे क्षेत्र में उत्पन्न वायु भंवर (चक्रवात) को स्थानीय भाषा में क्या कहते हैं?
(1) भभूल्या (2) पुरवईया (3) खादर (4) धोरे (1)

व्याख्या– राजस्थान के पश्चिमी भाग में आने वाले वायु चक्रवात (चकराकार भंवर) को भभूल्या/भतूळया/भमूल्या कहते हैं।

30. राज्य का सर्वाधिक उपजाऊ भौतिक विभाग कौनसा है?
(1) पश्चिमी मरुस्थलीय प्रदेश (2) पूर्वी मैदानी भाग
(3) दक्षिणी–पूर्वी पठारी भाग (4) अरावली पर्वतीय प्रदेश (2)

31. राजस्थान में डांग क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम कब प्रारम्भ किया गया–
(1) 2002–03 (2) 1994–95
(3) 1991–92 (4) 1998–99 (2)

व्याख्या– डांग क्षेत्रीय विकास कार्यक्रम 1994–95 में राजस्थान के 8 जिलों (सवाईमाधोपुर, भरतपुर, करौली, धौलपुर, कोटा, बूँदी, बारां, झालावाड़) की 21 पंचायत समितियों की 357 ग्राम पंचायतों में प्रारम्भ की गई थी। यह योजना 2005–06 में पुनः प्रारम्भ की गई है।

32. अरावली पर्वत तथा दक्षिणी–पूर्वी पठारी भाग (हाड़ौती पठार) किसका अवशेष माना जाता है ?
(1) अंगारालैण्ड (2) हिमालय
(3) विंध्याचल (4) गोडवाना लैण्ड (4)

व्याख्या– कर्नल जेम्स टॉड ने मंदिरों की अधिकता होने के कारण आबू पर्वत को 'हिन्दू ओलम्पस' (हिन्दूओं का स्वर्ग) कहा है।

33. अरावली पर्वत शृंखला का सबसे कम विस्तार किस जिले में है?
(1) चित्तौड़गढ़ (2) राजसमन्द (3) अजमेर (4) उदयपुर (3)

34. किस शहर के आस–पास पहाड़ियों से घिरा तश्तरीनुमा क्षेत्र 'गिरवा' कहलाता है?
(1) उदयपुर (2) पाली
(3) जोधपुर (4) अजमेर (1)

35. आकृति एवं संरचना की दृष्टि से किस पर्वत शृंखला की तुलना संयुक्त राज्य अमेरिका की अप्लेशियन पर्वत शृंखला से की जाती है–
(1) विंध्याचल (2) हिमालय (3) अरावली (4) सतपुड़ा (3)

36. मध्य अरावली की सबसे ऊँची चोटी है –
(1) तारागढ (2) गोरम जी (3) जरगा (4) रघुनाथगढ़ (2)

व्याख्या– गोरम जी, अजमेर (933 मीटर), तारागढ़, अजमेर (873 मीटर) मध्य अरावली की चोटियाँ हैं।

37. जरगा और रागा पहाड़ी के मध्य का क्षेत्र क्या कहलाता हैं?
(1) कांठल (2) देशहरो (3) गिरवा (4) उपरमाल (2)

38. निम्न में से कौनसा दर्रा अजमेर में नहीं है ?
(1) सरूपाघाट (2) कच्छवाली (3) बर (4) पीपली (3)

व्याख्या– बर दर्रा पाली में स्थित है, यह ब्यावर (अजमेर) को बर (पाली) से जोड़ता है।

39. दक्षिणी अरावली की निम्न चोटियों की ऊँचाई के अनुसार सही अवरोही क्रम है ?
(1) सेर, दिलवाड़ा, जरगा, गुरुशिखर
(2) गुरुशिखर, सेर, अचलगढ़, दिलवाड़ा,
(3) गुरुशिखर, दिलवाड़ा, सेर, जरगा
(4) गुरुशिखर, सेर, दिलवाड़ा, जरगा (4)

व्याख्या– गुरूशिखर (1722 मीटर), सेर (1597 मीटर), दिलवाड़ा (1442 मीटर), जरगा (1431 मीटर)

40. मध्यवर्ती अरावली पर्वतीय श्रेणी में स्थित दर्रे व पहाड़ी मार्ग को क्या कहा जाता है?
(1) नाल (2) नाली (3) कारबा मार्ग (4) इर्ग (1)

व्याख्या– दो पर्वतों या पहाड़ों में मध्य स्थित संकीर्ण धरातलीय मार्ग को 'नाल/दर्रा/घाट' कहा जाता है।

41. सूराघाट दर्रा कहाँ स्थित है?
(1) उत्तरी अरावली (2) मध्य अरावली
(3) दक्षिणी अरावली (4) आबू का पठार (2)

व्याख्या– सूराघाट दर्रा मध्य अरावली में अजमेर जिले में स्थित है, यह अजमेर जिले को भीलवाड़ा जिले को जोड़ता है।

42. आबू पर्वत खण्ड किससे निर्मित है?
(1) ग्रेनाइट से (2) संगमरमर से
(3) लोह व तांबा से (4) सिलिका से (1)

43. सुमेलित कीजिए

| पर्वत/पठार | जिला |
|---|---|
| ¼A) मेसा का पठार | (1) सिरोही |
| (B) भोराठ का पठार | (2) चित्तौड़गढ़ |
| (C) उड़िया का पठार | (3) अलवर |
| (D) कांकनवाड़ी का पठार | (4) उदयपुर |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (2) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (3) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (4) | 2 | 4 | 1 | 3 |

(4)

44. राज्य की आदिवासी जनजातियाँ मुख्यतः राज्य के किस भौगोलिक क्षेत्र में निवास करती है?
(1) अरावली पर्वतीय प्रदेश
(2) दक्षिण-पूर्वी पठारी भाग
(3) उत्तरी पश्चिमी मरुस्थलीय क्षेत्र
(4) पूर्वी मैदानी भाग (1)

45. सुमेलित कीजिए-

| पर्वत | ऊँचाई |
|---|---|
| A. सुंधा पहाड़ी, जालौर | 1. 991 मी. |
| B. ऋषिकेश चोटी, सिरोही | 2. 1017 मी. |
| C. जयराज पहाड़ी, सिरोही | 3. 1090 मी. |
| D. अचलगढ़ चोटी, सिरोही | 4. 1380 मी. |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (2) | 5 | 4 | 3 | 2 |
| (3) | 2 | 1 | 3 | 5 |
| (4) | 1 | 2 | 3 | 5 |

(1)

46. अरावली पर्वतमाला सुदूर दक्षिण में कहाँ से प्रारम्भ होती है।
(1)आबू पर्वत (2) पालनपुर
(3) कच्छ का रन (4) कुम्भलगढ़ (2)

47. आडावल पर्वत राज्य के कौनसे जिले में स्थित है?
(1) उदयपुर (2) भीलवाड़ा
(3) बूँदी (4) सिरोही (3)

48. पूर्वी सिरोही क्षेत्र में तीव्र ढाल वाली उबड़-खाबड़ कटक पहाड़ियाँ स्थानीय भाषा में कहलाती है-
(1) नाल (2) मगरा
(3) भाकर (4) गिरवा (3)

49. ढेबर दर्रा किस जिले में स्थित है?
(1) डूँगरपुर (2) राजसमंद
(3) उदयपुर (4) जयपुर (3)

**व्याख्या–** ढ़ेबर दर्रे से गोमती नदी निकलती है, यह नदी जयसमंद झील में जाकर गिरती है, इसलिए जयसमंद झील को 'ढ़ेबर झील' भी कहा जाता है।

50. किस दर्रे से होकर नया राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 25 गुजरता है?
(1) सरूपाघाट (2) कच्छवाली (3) बर (4) दिवेर (3)

**व्याख्या–** नया राष्ट्रीय राजमार्ग 25 ब्यावर (अजमेर) से मुनाबाब (बाड़मेर) तक जाता है। यह राष्ट्रीय राजमार्ग बर दर्रे से होकर गुजरता है।

51. प्रतापगढ़ व बाँसवाड़ा के मध्य का मैदान कहलाता है?
(1) उपजाऊ मैदान (2) पीडमाण्ट मैदान
(3) छप्पन का मैदान (4) चम्बल का मैदान (3)

52. राजस्थान में बीहड़ भूमि का सर्वाधिक विस्तार किन जिलों में है?
(1) कोटा, बारां, झालावाड़
(2) सवाईमाधोपुर, धौलपुर, कोटा
(3) भरतपुर, धौलपुर, अलवर
(4) गंगानगर, हनुमानगढ़, चुरू (2)

53. प्रतापगढ़ का भू-भाग क्या कहलाता है?
(1) उपरमाल (2) कांठल
(3) डांग (4) मगरा (2)

**व्याख्या–** माही नदी का किनारा कांठल कहलाता है, प्रतापगढ़ का प्राचीन नाम 'कांठल' था। इसलिए माही नदी के बहाव क्षेत्र का ईलाका प्रतापगढ़ में कांठल का मैदान कहलाता है।

54. राज्य का वह पठार, जो गुरु शिखर से नीचे स्थित है तथा आबू पर्वत से 160 मीटर ऊँचा है-
(1) उड़िया पठार (2) भोराठ का पठार
(3) हाड़ौती का पठार (4) मेंसा का पठार (1)

**व्याख्या–** उड़िया का पठार सिरोही जिले में है, यह राजस्थान का सबसे ऊँचा पठार है, ये 1360 मीटर ऊँचा है।

55. सापेक्षिक दृष्टि से राजस्थान का कौन सा भू-प्राकृतिक प्रदेश अस्पष्ट अधर प्रवाह का क्षेत्र है?
(1) पश्चिमी रेगिस्तानी भाग
(2) मध्यवर्ती अरावली पर्वतीय श्रेणी
(3) दक्षिणी-पूर्वी पठारी प्रदेश
(4) पूर्वी मैदान (3)

56. कौनसा क्षेत्र वागड़ कहलाता है?
(1) कोटा, बूँदी, बारा का क्षेत्र (2) जयपुर, अलवर का क्षेत्र
(3) डूँगरपुर, बाँसवाड़ा का क्षेत्र (4) पाली, सिरोही का क्षेत्र (3)

57. 'भोराट का पठार' से सम्बन्धित जिले है?
(1) डूँगरपुर, बाँसवाड़ा (2) उदयपुर, राजसमन्द
(3) कोटा, बूँदी, बारां (4) जालौर, सिरोही (2)

**व्याख्या–** भोराट का पठार कुम्भलगढ़ (राजसमंद) से गोगुन्दा (उदयपुर) तक विस्तृत है। यह लगभग 920 मीटर ऊँचा है, यह राजस्थान का तीसरा ऊँचा पठार है। भोराट के पठार की सबसे ऊँची चोटी जरगा है।

58. रायसीना पहाड़ी जहाँ राष्ट्रपति भवन बना हुआ है, यह किस पर्वत श्रृंखला का भाग है?
(1) हिमालय (2) विन्ध्याचल
(3) अरावली (4) सतपुड़ा (3)

59. राजस्थान का सबसे ऊँचा पठार है–
(1) भोराठ का पठार (2) आबू पर्वत
(3) उड़िया पठार (4 )मेसा पठार (3)

**व्याख्या–** उड़िया का पठार सिरोही जिले में है, यह राजस्थान का सबसे ऊँचा पठार है, ये 1360 मीटर ऊँचा है।

60. अरावली पर्वतमाला की समुद्र तल से औसत ऊँचाई है–
(1) 920 मी. (2) 930 मी. (3) 940 मी. (4) 950 मी. (2)

Lead, Read and Achieve
Dhindhwal Publication

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती मुख्य परीक्षा– 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–







**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**